# स्कूटी वितरण में अनियमित्ता के विरोध में छात्राओं ने किया प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी** । राजकीय पीजी कॉलेज में स्कूटी वितरण में कथित अनियमितताओं के विरोध में छात्राओं ने छात्र नेता सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में शुक्रवार को कॉलेज पहुंच कर प्रदर्शन किया और प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्राओं ने स्कूटी वितरण में देरी रोकने और अनियमितताओं में शामिल शिक्षकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान स्कूटी प्रभारी धर्मवीर मीणा के समर्थकों ने छात्राओं को धरना स्थल से हटाने का प्रयास किया। विरोध प्रदर्शन के बाद में छात्राएं मिनी सचिवालय तक पहुंची। छात्राओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार की महिला शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत स्कूटी वितरण में लगातार देरी की जा रही है। छात्राओं का कहना है कि परीक्षाएं नजदीक हैं, लेकिन अभी तक स्कूटी नहीं मिली है। अब वितरण 3० मार्च तक टाला जा रहा है, जबकि इस पर कोई सरकारी रोक नहीं है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि स्कूटी प्रभारी पर पहले भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसी कॉलेज में कालीबाई स्कूटी वितरण में भी अनियमितता हुई थी। तब संविदा कर्मचारी को हटाया गया, लेकिन अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्राओं ने वर्तमान स्कूटी प्रभारी को हटाने और एक सह प्रभारी नियुक्त करने की मांग की है। पुलिस ने मामले में मध्यस्थता कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। जिन शिक्षकों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उन्हें ऐसी जिम्मेदारी न दी जाए। कालीबाई स्कूटी वितरण में गडबडी करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कडी कार्रवाई की जाए। इस मामले की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक मनोज सैनी कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कोर्ट पहुंचे। एसडीएम को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। निष्पक्ष जांच और छात्राओं को समय पर स्कूटी देने की मांग की। साथ ही स्कूटी प्रभारी और उनके समर्थकों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कॉलेज के कई छात्र-छात्राएं और एबीवीपी कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर स्कूटी प्रभारी धर्मवीर ने अपने ऊपर लगाए आरोपों को निराधार और पूर्वाग्रह से ग्रस्त बताते हुए कहा कि आयुक्तालय के निर्देशानुसार प्रिंसिपल ने शेष स्कूटियों का वितरण 3० मार्च को करने के निर्देश दिए हैं। कुल 196 स्कूटियों में से 45 बालिकाओं को स्कूटी का वितरण किया जा चुका है। 94 बालिकाओं की आरसी प्रकिया पूरी है। 2० बालिकाओं की आरसी प्रक्रियाधीन है, 3 बालिकाओं का प्रकरण मार्गदर्शन हेतु आयुक्तालय भिजवाया गया है और शेष 34 की फाइल प्राप्त नहीं है। जिनसे दूरभाष से सम्पर्क किया गया है। प्रिंसिपल के निर्देशानुसार स्कूटी वितरण जल्द ही कर दिया जाएगा। प्रभारी एवं समिति द्वारा दस्तावेज की केवल जांच की जाती है। बनाने का काम सम्बन्धित महाविद्यालय का है।



गंगापुर सिटी स्कूटी वितरण में अनियमित्ता के विरोध में प्रदर्शन करती छात्राऐ।

## खेल मैदान का हुआ उद्घाटन

**करौली** । श्री कैलादेवी मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलादेवी में आधुनिक सुविधाओं से युक्त सिंथेटिक ट्रैक से निर्मित हॉकी खेल मैदान का उद्घाटन किया गया। खेल मैदान के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करौली राज परिवार के पूर्व नरेश एवं श्री कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल एवं युवराज विवश्वतपाल रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन के प्रारंभ में राज्याचार्य प्रकाश चंद जती ने विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ पूजन करवाया। सोल ट्रस्टी पाल व उनके पुत्र के कर कमलों द्वारा फीता काटकर मैदान का उद्घाटन किया। इस दौरान हॉकी स्टिक से गेंद खेलकर मैदान में खेलों का प्रारंभ किया। खेल मैदान में प्रथम दिन गुरूवार को 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कि गई जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सोल ट्रस्टी व उनके पुत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। उद्घाटन के अवसर पर पूर्व नरे'ा कृष्ण चन्द्रपाल ने कहा कि विद्यालय में नवनिर्मित खेल मैदान रनिंग ट्रैक एवं हॉकी का आधुनिक सुविधाओं से युक्त मैदान है।, इस मैदान पर खिलाड़ी खेलों में अपने कौशल को और बढ़ाकर जिला,प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपना और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## सार-समाचार

### वार्डों का पुनर्गठन करने पर चर्चा

**करौली** । करौली शहर के शिव अशोका पैराडाइज में करौली विधानसभा स्तरीय नगर परिषद एवं पंचायती राज पुनर्गठन समिति कि बैठक जिला सहसंयोजक कैलाश शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में करौली नगर परिषद के वार्डो का नवीन पुनर्गठन करने पर विस्तृत चर्चा कि गई। जिसमें नवीन वार्डों के गठन पर सहमति बनाई गई साथ ही करौली विधानसभा क्षेत्र में पंचायत समिति करौली एवं मासलपुर एवं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायत समिति हिंडौन एवं पंचायत समिति श्री महावीर जी के अंतर्गत नवीन ठााम पंचायत के गठन पर चर्चा कर सहमति बनी बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया, अशोक सिंह धाभाई,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं पूर्व जिला महामंत्री तेज सिंह जमालपुर, जितेंद्रसिंह पिचानोत,योगेंद्र सिंहल जिला आई टी संयोजक सहित समिति सदस्यों ने भाग लिया।

### सारस्वत 23 को अमेरिका जाएंगे

**करौली** । करौली निवासी इंजीनियर यश राजेंद्र सारस्वत 23 मार्च को अपनी 10 दिवसीय यात्रा पर अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में जाएंगे। करौली के हाथीघटा निवासी सारस्वत भारत कि ओर से अमेरिका में अपनी कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे और डी एक्स यू आई डेवलपर्स फोरम 2025 मे प्रजेंटेशन देंगे होनहार इंजीनियर करौली और देश का नाम रोशन करेंगे यश राजेंद्र सारस्वत एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत हैं यह उनकी दूसरी अमेरिका यात्रा है।

### अध्यापक को किया निलंबित

**करौली** । जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यवाही करते हुए एक अध्यापक को निलंबित कर दिया है। प्रारंभिक 'ाक्षा के जिला 'ाक्षा अधिकारी इंद्रे'ा तिवाडी ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा बोर्ड परीक्षा केंद्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर वीक्षण कार्य मे अनिमित्ता के कारण निलंबित कर पवन कुमार अध्यापक एल1 का मुख्यालय सपोटरा किया गया है।

### स्वैच्छिक रक्तदान पर कार्यशाला

**करौली**, (निं.सं.) करौली सामान्य चिकित्सालय स्थित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में हीमोफीलिया, थैलेसीमिया और स्वैच्छिक रक्तदान पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में वक्ताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर चर्चा की। इस दौरान शहर के हटवाडा बाजार निवासी अकबर खॉन ने अपने जीवन काल का 100 वा स्वैच्छिक रक्तदान कर रिकॉर्ड बनाया। कार्य'ााला के दौरान अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा ने हीमोफीलिया-थैलेसीमिया रोगियों को राज्य सरकार कि सहायता, योजनाओं की जानकारी दी। अस्पताल के डिप्टी कन्ट्रोलर डॉ. भुवनेश बंसल ने रोगियों को उपचार और बचाव संबंधी सावधानियों से अवगत कराया। ब्लड बैंक कि ओर से आयोजित इस कार्यशाला में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. धर्म बाई मीणा ने हिमोफीलिया,थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोग पर प्रका'ा डालते हुए रक्तदान पर प्रका'ा डाला वही चिकित्सालय के ब्लड बैंक कर्मीयो ने रोगी के परिजनों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का सुझाव दिया। गंभीर रोगियों के लिए मुफ्त रक्त उपलब्ध कराने कि घोषणा भी की गई। कार्यशाला में डिप्टी कंट्रोलर डॉ. भुवनेश बंसल,डॉ. कैलाश मीणा,ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. धर्म बाई और तकनीशियन भूपेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। स्वैच्छिक रक्तदाता बबलू शुक्ला, मोहित मित्तल, शेर सिंह बैंसला, योगेंद्र सिंहल, नरेन्द्र चैधरी, रिजवान खॉन, महे'ा मीणा, अस्पताल के चिकित्सा कर्मी सहित कई समाजसेवी व रक्त दाता एवं रोगियो के परिवार जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चिकित्साकर्मी अनिल शर्मा अन्नू के द्वारा किया गया।

## 'अपने बेहतर भविष्य के लिए जल का संरक्षण करें'

**करौली** । राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान मैं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काछीपुरा में आयोजित जल संरक्षण एवं जल प्रदूषण रोकथाम कार्यशाला में स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने अपने बेहतर भविष्य के लिए जल का संरक्षण करने की शपथ ली सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की राजस्थान प्रदेश में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण ऊर्जा संरक्षण नशा मुक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेस्ट टू बेस्ट सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की दृष्टि से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी श्रृंखला में जिला मुख्यालय करौली द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काछीपुरा में जल संरक्षण एवं प्रदूषण रोकथाम कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें आयोजित प्रतियोगिताओं निबंध पोस्टर भाषण नारा लेखन क्विज प्रतियोगिताओं में बालक स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने बेहतर भविष्य के लिए कागज पर पेंसिल एवं रंगों के माध्यम से जल संरक्षण के साधनों को उकेरा वही निबंध प्रतियोगिता में लेखनी के माध्यम से अपने विचारों को कलमबद्ध किया विभिन्न तरह के नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित करने का अपना विचार व्यक्त किया इससे पूर्व कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त करते हुए। प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मीणा ने स्काउट गाइड बालक बालिकाओं से अपील की कि वह अपने गांव में अपने घरवालों परिवार जनों मित्रों पड़ोसियों एवं आम लोगों को प्रेरित करें की वह सभी जल का संरक्षण करें अपनी किचन से निकलने वाले पानी का उपयोग किचन गार्डन के लिए करें।

## आर्थिक सहायता दी

**करौली** । कोरोना पीड़ित परिवारों की छात्राओं को शिक्षा हेतु कैला देवी मंदिर से सोल ट्रस्टी व पूर्व नरे'ा कृष्ण चंद्रपाल ने चैक वितरण किया। कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल ने शुक्रवार को कोरोना पीडित परिवारों कि छात्राओं को शिक्षा हेतु पायल कुमारी को 22394 रुपये, शिवानी कुमारी को 7335 रुपये एवं ज्योति कुमारी को 39125 रुपये का चैक परिवारजन को अध्ययन हेतु दिया जानकारी के अनुसार यह सहायता राशि प्रतिवर्ष कोरोना त्रासदी में जिन बालिकाओं ने अपने परिजनों को खोया उन्हे 'ाक्षण सामठाी हेतु राशि प्रदान कि जाती है इस सहायता योजना के अंतर्गत इन बालकों के साथ-साथ पिछले सत्रों में और भी कई बार बालिकाये लाभान्वित हुई है इस दौरान मदन मोहन जी मंदिर ट्रस्ट मे भूपेन्द्र पाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## शीतला माता से मांगी शीतलता, तडके से शुरू हुआ मां का पूजन

- परिवार में सुख-समृद्धि की कामना, ठंडे पकवानों का लगाया भोग

**गंगापुर सिटी** । चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी व अष्टमी को शीतला माता का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाएं सुबह-सुबह सीली शीतला ओ माय, सरवर पूजती घर आए जैसे भजन गाते हुए मंदिरों में पहुंचीं। शीतला अष्टमी के मौके पर श्रद्धालुओं ने बडी संख्या में मंदिरों में दर्शन किए। ट्रक यूनियन स्थित और गणेश मिल स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह 3 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। महिलाएं रंग-बिरंगे परिधान पहनकर रात को बनाए गए ठंडे पकवानों को थाल में सजाकर मंगल गीत गाती हुई मंदिर पहुंचीं। उन्होंने ओल्या, राबडी, मालपुए और पापडी का भोग लगाया। माता को बास्योडे का भोग लगाकर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। ट्रक यूनियन स्थित शीतला माता मंदिर पर मेले का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, एडीएम रामकिशोर और पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीणा ने झंडा पूजन किया।

माता को चुनरी अर्पित की गई और ध्वज चढाया गया। मंदिर के बाहर महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से माता की कथा सुनी। भीड के कारण मेले जैसा माहौल बना रहा। महिलाओं ने लोटे में जल लेकर अपने घरों में छिडकाव कर मंगल कामना की। पंचकोली समाज और मिर्जापुर से आए श्रद्धालुओं ने भी माता की चुनरी की रस्म में भाग लिया। इस दौरान उदेई मोड थानाधिकारी राजवीर, हरगोविंद कटारिया, पार्षद गोविंद पाराशर, भवानी गुर्जर, रवि गोठवाल, हंसा जिंदल, वेद मंगल सहित शीतला माता मंदिर कमेटी के पदाधिकारी और कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। सभी अधिकारियों और अतिथियों का माला साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। वहीं हजारों महिलाओं के एक साथ शीतला माता के पूजा अर्चना के कारण मंदिर पर पैर रखने तक जगह नहीं थी।

## कैलादेवी मेले के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू

**करौली** । उत्तर भारत के प्रसिद्ध कैलादेवी मेले को ध्यान में रखते हुए नगरपरिषद प्र'ाासन ने अतिक्रमण हटाने कि मुहिम तेज कर दी गई है। इस के तहत करौली शहर में बिना पक्षपात के अस्थायी अतिक्रमण हटाने कि कार्यवाही कि जा रही है जिसमें जिला प्र'ाासन के अधिकारी अतिक्रमण के दौरान मौके पर रहे वही पुलिस प्रशासन कि ओर से पुलिस अधिकारियो सहित भारी पुलिस जाप्ता कार्यवाही के दौरान तैनात रहे एवं जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक ने भी अस्थाई अतिक्रमण हटाने के दौरान निरीक्षण करते हुए नगर परिषद आयुक्त को निष्पक्षता पूर्ण अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्दे'ा दिये। हालाकी लोगो ने अतिक्रमण हटाने मे पक्षपात का आरोप लगाया है।

करौली जिला मुख्यालय पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमणो व पद यात्रियो कि सुविधा को देखते हुए नगरपरिषद प्र'ाासन ने गत 12 मार्च को सार्वजनिक नोटिस जारी करते हुए दो दिन ऑटो टैम्पूओ से मुनादी कराते हुए मासलपुर चुंगी से गंगापुर मोड तक के दुकानदारो,भवन मालिको व होटल ढावा संचालको से अपने आगे लगे टीन शेड, लकडी के खोके,ब्रेंच,तखत,काउंटर आदि को हटा लेने कि अपील कि मगर लोगो पर इसका कोई असर नही हुआ। जिसको लेकर नगरपरिषद कि अलग अलग टीमो ने शुक्रवार को प्रातः से ही हाईवे सडक के दोनो ओर हो रहे अस्थाई अतिक्रमणो को हटाने कि कार्यवाही करते हुए शहर मे हाईवे किनारे बडे स्तर पर अतिक्रमण हटाये गये जिससे सडक चैडी चैडी व सुनसान नजर आई। मैगजीन से लेकर मासलपुर चुंगी तक यह अभियान चलाया जा रहा है जहां तीन अलग-अलग टीमें गठित कर अतिक्रमण हटाने कि कार्यवाही कि जा रही है।

इस दौरान दुकानदार और लोगों ने पुलिस प्रशासन व नगरपरिषद प्र'ाासन पर गलत कार्यवाही के आरोप लगाए इस दौरान करौली नगरपरिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला,नगर परिषद के एक दर्जन से अधिक पार्षद और पूर्व पार्षदों ने कलेक्टर नीलाभ सक्सेना से उनके आवास पर मुलाकात कर कार्यवाही को लेकर विरोध जताया एवं पुलिस प्रशासन पर नियम विरुद्ध कार्यवाही के आरोप लगाए। कार्यवाही के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को रोका जा सके। इस अभियान का निरीक्षण स्वयं करौली कलेक्टर नीलाभ सक्सेना व पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय ने किया। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके साथ नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीणा, करौली अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक,थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम,डीएसपी अनुज शुभम सहित अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन का उद्देश्य है कि कैला देवी मेले के दौरान आने वाले पैदल श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार कि परेशानी न हो और सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था संचालित कि जा सके।

## कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**करौली** । आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को हिण्डौन पंचायत समिति की ठााम पंचायत भंगो में रात्रि चैपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान उपस्वास्थ्य केन्द्र को क्रमोन्नत करने, राजस्व ठााम बनाने, अलग से विद्युत लाईन व जीएसएस बनवाने, ढीले तारों को टाईट करने, नाम संसोधन करवाने, स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बनवाने, नाला ठीक करवाने, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाईन डलवाने, सडक निर्माण करवाने, अतिक्रमण हटवाने, फीडर चेंज करवाने, मृत्यु प्रमाण बनवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 27 परिवाद प्राप्त हुए।

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 13 संस्थान सम्मानित

**करौली** । प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सर्वोच्च सेवा प्रदाताओं का जिला स्तरीय सम्मान समारोह स्वास्थ्य भवन परिसर में आयोजित किया गया जिसमें जिले की 13 चिकित्सा संस्थाओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का आयोजन सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीणा के अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएमएसएमए सुरक्षित मातृत्व के लिए संचालित है जिसमें प्रत्येक महीने की 9, 18 और 27 तारीख को चिकित्सा संस्थानों पर आयोजन किया जा रहा है और गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

इन सेवाओं में अधिकाधिक सेवा प्रदाताओं को उनके कार्य के लिए सम्मानित किया जा रहा है, जिसे आगामी वर्षों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर मैनेज करें।कार्यक्रम नोडल और जिला प्रजनन एवं शिशु अधिकारी डॉ राजेश ने संस्था प्रभारियों और संबंधित को सम्मान पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर इसी प्रकार की सेवाएं निरंतर दी जानी चाहिए जिससे मातृ स्वास्थ्य और शिशु स्वास्थ्य को मजबूती मिलेगी व मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ सतीश चंद मीणा, जिला कार्यक्रम ऑफिसर आशुतोष पांडे, जिला कार्यक्रम समन्वयक आईईसी लखन सिंह लोधा, यूएनएफपीए प्रतिनिधि मनोज जांगिड़ सहित संस्था प्रभारी और कार्मिक मौजूद रहे ।'इन संस्थाओं का हुआ सम्मान'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए करौली ब्लॉक की सीएचसी केलादेवी, हिंडौन ब्लॉक से सीएचसी सूरौठ और शेरपुर, पीएचसी ढिंढोरा, महमदपुर और महूं इब्राहिमपुर, महावीर जी ब्लॉक से सीएचसी श्रीमहावीर जी, मासलपुर ब्लॉक से पीएचसी फतेहपुर , सपोटरा ब्लॉक से पीएचसी नारोली डांग,सलेमपुर कांचरोदा और सीएचसी हाडोती एवं मंडरायल ब्लॉक से सीएचसी करणपुर को सम्मानित किया गया।

## कॉलेज में खुला वायु सत्र का हुआ शुभारम्भ

**गंगापुर सिटी** । भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में खुला वायु सत्र का प्रारंभ शुक्रवार को हुआ जिसमें पहले दिन सामग्री निर्माण प्रतियोगिता के साथ-साथ रंगोली प्रतियोगिता और फल सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी थीम बेस्ट फ्रॉम बेस्ट थी। इस महाविद्यालय के आठ सदन महाराणा प्रताप सदन, रवीन्द्रनाथ टैगोर सदन, एपीजे अब्दुल कलाम सदन, बाल गंगाधर तिलक सदन, स्वामी विवेकानंद सदन डॉ राधाकृष्णन सदन, सावित्री बाई फूले सदन तथा महारानी लक्ष्मी बाई सदन प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुए। सभी प्रतियोगिताएँ अंतरसदनीय रूप में आयोजित की गईं।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा अनुपयोगी सामग्री से समाज उपयोगी सामग्रियों का निर्माण किया गया। इससे पहले खुला सत्र का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजक नवदीप शर्मा और सुश्री मोना माथुरिया ने बताया कि आज 21 मार्च शुक्रवार के कार्यक्रमों में सामग्री निर्माण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा फल सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनका अवलोकन समिति द्वारा किया गया। अवलोकन समिति में भगवती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीरज सिंह चौहान, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉण् शैलेश शाक्यवाल तथा वरिष्ठ प्रवक्ता दिनेश कुमार शर्मा रहे। अवलोकन समिति द्वारा निष्पक्ष परिणाम देकर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। सामग्री निर्माण में प्रथम स्थान पर महाराणा प्रताप सदन तथा दूसरे एवं तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से रवीन्द्रनाथ टैगोर सदन एवं एपीजे अब्दुल कलाम सदन रहे। संयोजक नवदीप शर्मा ने बताया कि कल 22मार्च को अंतर्सदनीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## पोस्टर का किया विमोचन

**करौली**, (निं.सं.) जिलें में बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण स्थापित कर बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान का शुभारंभ माधवी दिनकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली द्वारा अभियान के पोस्टर का विमोचन कर किया गया। एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि प्रोटेक्शन चिल्ड्रन फ्रोम दी रिस्क ऑफ लेवर एंड माइठोन परियोजना के अंतर्गत बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता,शिक्षा,स्वास्थ्य, पंचायतीराज एवं श्रम विभाग आदि के साथ समन्वय स्थापित कर बाल संरक्षण के लिए बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान का शुभारंभ माधवी दिनकर अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जिला एवं सत्र न्यायाधीश, करौली द्वारा जिला जज कार्यालय में ममता चैधरी, सचिवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश करौली एवं देवेंद्र कुमार अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, करौली की गरीमामय उपस्थित में किया गया। डीएलएसए सचिव ममता चैधरी द्वारा बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान को लेकर माधवी दिनकर अध्यक्ष डीएलएसए की अध्यक्ष में बाल कल्याण समिति, नेहरू युवा केंद्र, एक्शनएड-यूनिसेफ, चाइल्ड लाइन, सहयोग सेवा संस्थान आदि के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला जज माधवी दिनकर ने नालसा (छासै।) की बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के बारे में बताया कि इस योजना का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना और उन्हें न्याय तक पहुँचने में मदद करना है, सचिव ममता चैधरी ने 21 अप्रैल 2025 तक चलने वालें इस अभियान के तहत जिलें में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल शोषण, भिक्षावृति,कन्याभुरण हत्या की रोकथाम एवं गुमशुदा बच्चों, बालश्रम, बाल बंधुआ श्रम में लिप्त बच्चों की पहचान कर उनको रेस्क्यू कराने एवं उनके पुनर्वास के लिए विशेष प्रयास किये जाकर बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण स्थापित कर बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए सभी को सहयोग करने के निर्देश दिए। फजले अहमद, फरीदा शाह सदस्य जिला बाल कल्याण समिति, शरद त्रिपाठी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, करौली, भीकम सिंह, प्रभारी चाइल्ड लाइन 1098, घनश्याम लोधा, अध्यक्ष सहयोग सेवा संस्थान, लोकेंद्र शर्मा, मनिष शर्मा, इंद्र सिंह सैनी स्वयं सेवक आदि मौजूद रहें।

## सिंचाई शुल्क को माफ करने को लेकर पूर्व जिलाध्यक्ष ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**रूपवास** । गांव मिलसमा व नयागांव ग्राम पंचायतों के किसानों ने सिंचाई शुल्क को माफ करने को लेकर पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल की अगुवाई में मंत्री को ज्ञापन सौंपा। पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल ने बताया कि विधायक ऋतु

- किसानों से राज्य सरकार नहर का सिंचाई शुल्क का जबरन वसूलती है

बनावत के लैटर पेड़ पर सिंचाई शुल्क माफ करने को लेकर मंत्री को पत्र लिखकर दिया। जिसमें लिखा व कहा गया कि बयाना विधानसभा की यूपी बॉर्डर सीमा पर स्थित नयागांव व मिलसमा ग्राम पंचायतों के गांवों के मध्य से उत्तर प्रदेश से निकलने वाली नहर गुजरती है। जो फतेहपुर सीकरी से बहकर खेरागढ़ की ओर जाती है।

इस बीच इन दोनो ग्राम पंचायतों के किसानो के खेत नहर के किनारे है। जिससे किसान सिंचाई करते हैं। यह जमीन भी राजस्थान की है। जबकि उत्तर प्रदेश के किसानों का सिचाई शुल्क माफ है। जबकि राजस्थान से गुजरने वाली नहर से राजस्थान के इन दोनों ग्राम पंचायतो के किसानों से राज्य सरकार नहर का सिंचाई शुल्क का जबरन वसूलती है। इसलिए इन दोनों ग्राम पंचायतों के किसानों को नहर में से पानी लेने पर विभाग द्वारा शुल्क नही लिया जावे। जिससे किसानों को राहत मिल सके। इस बारे में विधायक डॉ ऋतु बनावत का कहना है कि फिलहाल मंत्री को पत्र लिखकर दिया गया है। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ। तो विधानसभा में प्रश्न लगाकर जबाब मांगा जावेगा।



किसानों ने सिंचाई शुल्क को माफ करने को लेकर पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल की अगुवाई में मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

## वार्षिक कैलेण्डर तैयार करने पर चर्चा

भरतपुर। स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में स्वावलंबन केंद्र पर स्वावलंबी अभियान को गति प्रदान करने व स्वावलंबी अभियान का वार्षिक कैलेण्डर तैयार करने आदि की चर्चा की गई प्रचार प्रमुख शुभनेस पाराशर एडवोकेट ने बताया बैठक में मुख्य वक्ता विभाग संयोजक सतीश दीक्षित ने कहा कि युवाओं में आत्मनिर्भर बन स्वावलंबन बनने की प्रेरणा जाठात करनी है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे स्वदेशीजागरण मंच के जिला संयोजक शिवकुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार स्वावलंबी अभियानं के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु 21 मार्च से 10 अप्रैल तक निधि संठाह अभियान चलाए जायेगा इसके लिए जिले विभिन्न क्षेत्रों मे जाने के लिए चार सदस्यीय टोली का गठन कर जिम्मेदारी तय की गई।

बैठक में संपर्क प्रमुख योगेश दीक्षित,प्रचार प्रमुख शुभनेस पाराशर एडवोकेट,संघर्ष वाहनी प्रमुख विष्णु शर्मा युवा कार्य प्रमुख सचिन मित्तल ,नगर सह संयोजक नरेंद्र सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे। संचालन शुभनेस पाराशर ने किया। जूनून विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने विधानसभा में अवैध निर्माण की नोटिस जारी कर कॉलोनीवासियों से न्याय की मांग की जून 21 मार्च। जूनून विधायक और पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में जून की यू.आई.टी. के माध्यम से एक विशेष प्रस्ताव रखा। क्सो नं. 13 विजय नगर, देवनगर और अन्य भवनों में अवैध निर्माण के नोटिसों के प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने यह प्रस्ताव विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम 295 के तहत रखा।

डॉ. गर्ग ने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि इन मकानों के निवासी कई वर्षों से यहां पर मकान बनाकर रह रहे हैं। अब इन लोगों को अवैध निर्माण के लिए नोटिस दिए गए हैं, जिससे लोग एकजुट हो रहे हैं और आंदोलन करने को मजबूर हैं।

उन्होंने बताया कि कुछ रेजिडेंट्स ने 1993 में रजिस्ट्री रजिस्ट्री सेक्टर 13 योजना में भू-स्वामित्व प्राप्त किया था। लेकिन न तो उन्हें स्मारक आदेश दिया गया और न ही भूमि के बदले भूमि का विकल्प दिया गया। इसके अलावा, वर्ष 2013 में भी यू.आई.टी. इसी क्षेत्र में भूमि अवाप्ति के मामले में भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू की गई थी और किसानों द्वारा भूमि आवंटन भी जारी किया गया था।

डॉ. गर्ग ने कहा कि यू.आई.टी. और बी.डी.ए. जो नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें लोगों का नाम नहीं लिखा गया है। केवल आम नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे लोगों में संदेह और भय का माहौल बन गया है।

